लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 825

07 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

रेशम कीट पालन करने वाले किसानों के समक्ष आ रहे स्वास्थ्य संबंधी खतरे

825. श्री एस. मुनिस्वामी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेशम कीट पालन करने वाले किसानों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे खतरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या त्वचा एलर्जी संबंधी कोई समस्या किसानों के ध्यान में लाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पालन प्रक्रिया के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड का निकलना रेशम उत्पादक किसानों के लिए एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याओं का कारण पाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा कर्नाटक, विशेष रूप से कोलार और चिक्काबल्लापुर जिले के रेशम कीट पालन करने वाले किसानों के समक्ष आ रहे स्वास्थ्य संबंधी खतरों पर काबू पाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): किसी भी विशिष्ट स्वास्थ्य खतरे से बचने के लिए, देश भर में किसानों द्वारा रेशम उत्पादन प्रथाओं/प्रौद्योगिकियों के अनुशंसित पैकेज के अनुसार किया जा रहा है। केंद्रीय रेशम बोर्ड विभिन्न प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए रेशम पालन किसानों को पालन गृह, बिस्तर कीटाणुशोधन और रेशमकीट पालन के कीटाणुशोधन के दौरान अपनाई जाने वाली तकनीकों/प्रक्रिया के बारे में जागरूक करता है। ये उन्नत प्रक्रियाएं/तकनीकें पालन प्रक्रिया के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के उत्सर्जन/संचय को भी रोकती हैं। रेशम उत्पादन किसानों के बीच त्वचा की एलर्जी, श्वसन समस्याओं सहित स्वास्थ्य संबंधी खतरों से संबंधित ऐसी कोई शिकायत/रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हुई है।

(घ): हालांकि, कर्नाटक के कोलार और चिक्कबल्लापुर जिलों सहित रेशम उत्पादन किसानों के साथ कोई विशेष स्वास्थ्य खतरा जुड़ा/देखा नहीं गया है, केंद्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थान, किसानों को रेशम कीट पालन और पालन गृह कीटाणुशोधन करते समय स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करते हैं।

******